कॉ.का. : कॉर्पोरेट सम्प्रेषण विभाग
CO: CORPORATE COMMUNICATIONS DEPARTMENT

प्रेस विज्ञप्ति

01.03.2024

## इंडियन बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली सहयोगी संस्था, इंडबैंक ग्लोबल सपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (IGSS) के पंजीकृत कार्यालय का उद्घाटन

**चेन्नै, 1 मार्च 2024**: इंडियन बैंक अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहयोगी संस्था, **इंडबैंक ग्लोबल सपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (आईजीएसएस)** के पंजीकृत कार्यालय का उद्घाटन किए जाने की घोषणा करता है, जो बैंक के रणनीतिक विस्तार प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। श्री एस एल जैन, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी, इंडियन बैंक ने आज कार्यपालक निदेशकगण एवं शीर्ष प्रबंधन टीम के अन्य सदस्यों की उपस्थिति में प्रथम तल, क्रेस्ट बिल्डिंग, नंबर 2, जहांगीर स्ट्रीट, मन्नाडी, तोंदियारपेट फोर्ट सेंट जॉर्ज, चेन्नै - 600001 में पंजीकृत कार्यालय परिसर का उद्घाटन किया।

इंडबैंक ग्लोबल सपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (आईजीएसएस) की स्थापना दिनांक 9 फरवरी, 2024 को की गयी जिसका उद्देश्य भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमत विभिन्न बैंकिंग परिचालनों के लिए व्यापक आउटसोर्सिंग समाधान प्रदान करना है। शुरुआत में सोर्सिंग और संग्रह समर्थन गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, आईजीएसएस का उद्देश्य प्रसंस्करण गतिविधियों, संपर्क केंद्र सेवाओं, प्रौद्योगिकी समर्थन इत्यादि को शामिल करते हुए धीरे-धीरे अपनी सेवाओं का विस्तार करना है।

इस आयोजन के महत्व को रेखांकित करते हुए **श्री एस एल जैन** ने आईजीएसएस के माध्यम से बैंक के परिचालन के विस्तार पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और कहा, "इंडबैंक ग्लोबल सपोर्ट सर्विसेज के पंजीकृत कार्यालय के उद्घाटन के साथ ही हम परिचालन उत्कृष्टता और उन्नत ग्राहक सेवा की दिशा में इंडियन बैंक की यात्रा में एक महत्वपूर्ण क्षण को चिह्नित करते हैं। आईजीएसएस विभिन्न बैंकिंग प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए स्ट्रेटेजिक आउटसोर्सिंग समाधान के लाभकारी उपयोग के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है, परिणामस्वरूप यह कार्य कुशलता बढ़ाता है और हमारे ग्राहकों को बेहतर मूल्यवर्धित सेवाएँ प्रदान करता है। हमें विश्वास है कि आईजीएसएस हमारी परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने और इंडियन बैंक के निरंतर विकास और सफलता में योगदान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।"

आईजीएसएस के नामित सीईओ श्री कन्हैयालाल अग्रवाल ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, " इस परिवर्तन यात्रा को बैंक के साथ-साथ शुरू करने के लिए हम उत्साहित हैं। स्थायी मूल्य हासिल करने का ध्येय लिए हुये हम अपने मूल बैंक और उसके ग्राहकों के लिए नवोन्मेष, परिचालन उत्कृष्टता और अटूट प्रतिबद्धता प्रदान करने वाली मान्यता प्राप्त समर्थन सेवाएं प्रस्तुत करने के लिए स्वयं को एक पसंदीदा विश्वसनीय भागीदार के रूप में देखते हैं।"

आईजीएसएस की स्थापना, सेवाएँ प्रदान करने में नवोन्मेष और उत्कृष्टता के लिए इंडियन बैंक के समर्पण को रेखांकित करती है, जो देश में एक अग्रणी वित्तीय संस्थान के रूप में अपनी स्थिति को और सशक्त करता है।

Corporate Office: 254-260, Avvai Shanmugam Salai, Royapettah, Chennai – 600 014
Phone: 044-2813 4457, Email: ccd@indianbank.co.in
Follow us on